## खबर संक्षेप

### कांग्रेस सेवादल ने शहीद मेजर अमित ठेंगे के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित

छिंदवाड़ाः- मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ व कांग्रेस परिवार की ओर से कांग्रेस सेवादल ने शहीद मेजर अमित ठेंगे चौक पहुंचकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। बलिदान दिवस के अवसर पर कांग्रेस परिवार की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सुरेश कपाले ने कहा कि मेजर अमित ठेंगे के पिता का नाम मधुराव ठेंगे है। कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए 13 जुलाई को वे वीरगति को प्राप्त हुए। उन्होंने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके शौर्य और देशभक्ति को सदैव याद रखा जाएगा। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शहीद मेजर अमित ठेंगे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से राकेश मरकाम, डॉ. शबाना यासमीन खान, शेषराव उइके, बलराम सिंह चौहान, दीपक बाजपेयी, सीमा शुक्ला, प्रेमलता उइके, स्वरूप शरण उइके, रुखसाना अली, दमयंती राठौर, राजेश वैद्य, देशराज बारस्कर, राहुल मालवी, दुर्गेश उइके, ज्योति वंदना, सुनील सातपुते, कादिर मंसूरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रामनाथ ओकटे की स्मृति में रोपे 251 पौधे

छिन्दवाड़ाः- किसी के चले जाने के बाद उसकी यादों को जिंदा रखने के लिए उनके नाम से एक पौधा लगाएं, जो पेड़ बनकर हमेशा लहलहाता रहे। इन्हीं शब्दों को मूलरूप देते हुए ओकटे परिवार ने धर्म की नगरी गुरैया में पौध रोपन कर दिवंगत आत्मा को इस प्रकृति में पुनः जीवित करने का कार्य किया है। ओकटे परिवार के सदस्यों ने नगर के शासकीय स्कूल परिसर, मोक्षधाम परिसर, मंदिर परिसर एवं ग्राम के विभिन्न स्थलों में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया। विदित हो कि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे के बड़े भ्राता श्री रामनाथ जी ओकटे का गत 01 जुलाई 2026 दिन बुधवार को निधन हो गया था। श्री विश्वनाथ ओकटे व उनके परिवार के सदस्यों सहित शुभचिंतकों व करीबी रिश्तेदारों ने श्री रामनाथ ओकटे जी की स्मृति में सीएम राइस स्कूल गुरैया के परिसर में फल, फूल व छायादार पौधों का रोपण किया।

## कलेक्टर ने ली समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

# कलेक्टर के सख्त निर्देशः हाईवे पर अब नहीं चलेगी लापरवाही, बढ़ाई जाए पेट्रोलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हर्रई, चौरई और नागपुर रोड पर एन.एच. ए.आई, ए.आर.टी.ओ और यातायात पुलिस की टीम द्वारा निरंतर पेट्रोलिंग की जाए। हाईवे किनारे खड़े वाहनों को हटाया जाए और चलानी कार्यवाही लगातार की जाए। वाहनों की ओवरस्पीडिंग पर भी कार्यवाही जारी रहे। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी यात्री बसों में सुरक्षा और बस बॉडी मानकों का पालन सुनिश्चित कराएं। यात्री बसों में फायर सेफ्टी फर्स्ट एड बॉक्स, परमिट, फिटनेस एवं बीमा संबंधी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर एवं मोटर यान नियमों का उल्लंघन करने पर चलानी कार्यवाही लगातार की जाए।

कलेक्टर श्री नारायन सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दे रहे थे। बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं विभिन्न आयोगों के लंबित पत्रों की भी विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री नारायन ने विभिन्न अंतर्विभागीय एवं समसामयिक विषयों पर भी चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर श्री धीरेन्द्र सिंह, एसडीएम परासिया श्री शुभम कुमार यादव, एसडीएम छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल कुमार पटेल व श्री आर.के.मेहरा सहित जिला प्रशासन व सभी विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त अन्य एसडीएम और विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल थे।

### पानी की वैकल्पिक व्यवस्था कर शीघ्र हटाएं जर्जर टंकी

कलेक्टर श्री नारायन ने पी.जी. कॉलेज परिसर की जर्जर पानी की टंकी को नियमानुसार एवं सुरक्षा उपायों को अपनाते हुए प्रक्रिया के अनुसार डिस्मेंटल कराने के निर्देश पी.जी.कॉलेज, पी. डब्ल्यू.डी और नगर निगम के अधिकारियों को दिए। बैठक में बताया गया कि इस टंकी से ही छात्रावास में पानी की आपूर्ति की जाती है, कलेक्टर श्री नारायन ने पानी की वैकल्पिक व्यवस्था शीघ्र बनाते हुए जर्जर टंकी को डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए।

### शीघ्र जांच पूरी करें

कलेक्टर श्री नारायन ने पश्चिम वनमंडल के अंतर्गत कपट पूर्ण भुगतान के संबंध में प्राप्त शिकायत की जांच का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिए। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि आयुक्त कोष एवं लेखा से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में एस.ओ.पी. के अनुसार संदिग्ध खातों में तत्काल होल्ड लगा दिया गया है तथा जांच दल गठित की जा रही है।

### सभी शिकायती क्षेत्रों का निरीक्षण करें खनिज अधिकारी

कलेक्टर श्री नारायन ने नवागत जिला खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के जिन क्षेत्रों से अवैध उत्खनन एवं परिवहन की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं, वहां स्वयं जाकर मौका निरीक्षण करें और अवैध उत्खनन, परिवहन पर सख्ती से कार्यवाही की जाए। इस कार्य में राजस्व विभाग के स्थानीय अमले से पूर्व समन्वय कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**अन्य निर्देश** - बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने समय सीमा के अन्य प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने महाप्रबंधक केंद्रीय सहकारी बैंक को निर्देश दिए कि बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं में नवीन सदस्य बनाने के कार्य में तेजी लाएं। वर्तमान में 33500 के लक्ष्य के विरुद्ध अभी तक 7100 सदस्य ही बनाए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि एस.आर.एल.एम. पातालकोट आजीविका उत्पाद के माध्यम से स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार मसालों का वितरण सभी स्कूलों और छात्रावासों में ऑर्डर के अनुसार सप्लाई सुनिश्चित कराएं। साथ ही मसालों की गुणवत्ता मेंटेन रखें।

## स्वास्थ्य विभाग, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त पहल से हाई-रिस्क गर्भवती और नवजात को मिला नया जीवन



छिन्दवाड़ा। कभी-कभी किसी एक जीवन को बचाने के लिए केवल चिकित्सा सुविधा ही नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की संवेदनशीलता, धैर्य और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता होती है। ऐसा ही एक प्रेरणादायक उदाहरण हर्रई विकासखंड में देखने को मिला, जहां अंधविश्वास और इलाज से इंकार के कारण गंभीर संकट में फंसी एक हाई-रिस्क गर्भवती महिला एवं उसके नवजात शिशु का जीवन स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन और राजस्व प्रशासन के समन्वित प्रयासों से सुरक्षित किया जा सका। हर्रई विकासखंड के ग्राम ओझलढाना की निवासी श्रीमती विनिता पति श्री सुनील उइके की गर्भावस्था शुरू से ही हाई-रिस्क श्रेणी में थी। उनका पंजीयन समय पर किया गया तथा गर्भावस्था के दौरान नियमित एएनसी जांच, टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किए जाते रहे। जांच के दौरान महिला में लगातार पैरों एवं हाथों में सूजन, हीमोग्लोबिन में कमी तथा अन्य जटिलताएं सामने आईं। सोनोग्राफी में भी गर्भस्थ शिशु की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्रसव तिथि से पहले जिला अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आशा कार्यकर्ता, एएनएम, आशा पर्यवेक्षक एवं ब्लॉक स्वास्थ्य प्रबंधन के माध्यम से लगातार महिला एवं उसके परिजनों को समझाइश दी, लेकिन परिवार अंधविश्वास के कारण अस्पताल जाने के बजाय झाड़-फूंक पर विश्वास करता रहा। कई बार महिला को दूसरे गांव भी ले जाया गया और अस्पताल में भर्ती कराने से इंकार कर दिया गया। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार घर जाकर संपर्क बनाए रखती रही और महिला की स्थिति पर नजर रखी।

# विश्व स्तर पर चमकेगा ऐतिहासिक पर्यटन ग्राम देवगढ़

### तीन दिन तक चली डॉक्यूमेंट्री फिल्म की शूटिंग, कलेक्टर और सीईओ के मार्गदर्शन में हो रहे कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से छिंदवाड़ा जिले के ऐतिहासिक व पर्यटन ग्राम देवगढ़ को विश्व स्तर पर स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। यहां के ऐतिहासिक किले, बावडिय़ों, मां चंडी मंदिर, झरनों, जंगल-पहाड़, आदिवासी लोक संस्कृति व होम स्टे को विश्व स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाई गई है, जिसकी शूटिंग तीन दिनों तक देवगढ़ में चली। बीते रोज शूटिंग का शेड्यूल पूरा हुआ, अब जल्द ही इसे वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिले।

कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा में पर्यटन विकास के कार्य हो रहे हैं। अधिकारीद्वय ने पर्यटन ग्राम देवगढ़ की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत को विश्वपटल पर रखने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से देवगढ़ ग्राम पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म की शूटिंग हुई। मुंबई से आई टीम ने देवगढ़ के होम स्टे में पहुंचें पर्यटकों द्वारा की जा रही विभिन्न एक्टिविटी को कैमरे में कैद किया। देवगढ़ के वैभव को दर्शाने वाले गोंड शासकों के किले, दूरदर्शी सोच के साथ बनीं सालों पुरानी बावडिय़ों, मां चंडी मंदिर, आदिवासी लोक संस्कृति और संतरों के बगानों के साथ खेतों में उगाई जा रही सब्जियों को तोडक़र चूल्हे पर बनते खाने से लेकर हर उस पल और स्थान को कैमरे में कैद किया गया, जो देवगढ़ का नाम विश्व स्तर पर लाने में सहभागी बन सकता है।

जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी श्री बलराम राजपूत ने बताया कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग व बैक टू विलेज संस्था के प्रयासों से देवगढ़ में 12 होम स्टे बनाए गए हैं, जो देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। यहां महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचकर ग्रामीण पर्यटन का आनंद उठा रहे हैं।

### अमर शहीद मेजर अमित ठेंगे को 24 एमपी बटालियन एनसीसी ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

छिन्दवाड़ा। ग्रुप मुख्यालय जबलपुर एनसीसी एवं 24 एमपी बटालियन एनसीसी, छिंदवाड़ा के तत्वावधान में अमर शहीद मेजर अमित ठेंगे (सेना मेडल) की स्मृति में आज श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं प्रभात रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान ₹अमर शहीद मेजर अमित ठेंगे अमर रहें₹ के गगनभेदी नारों से पूरा शहर देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, डेनियलसन डिग्री कॉलेज, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, शासकीय एमएलबी स्कूल, निर्मल पब्लिक स्कूल एवं शासकीय विद्यालय रोहनाकलां सहित जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 500 से अधिक एनसीसी कैडेट्स, एनसीसी अधिकारी एवं पीआई स्टाफ शामिल हुए। सभी ने अनुशासन और उत्साह के साथ जिले के वीर सपूत को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### आबकारी विभाग की दबिश, 2000 कि.ग्रा. महुआ लाहन नष्ट एवं 25 लीटर कच्ची शराब की गई जप्त



छिन्दवाड़ा। कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त छिंदवाड़ा क्रमांक-2 के आबकारी अमले द्वारा सोमवार प्रातः ग्राम खारी के जंगल में दबिश दी गई। दबिश के दौरान प्लास्टिक के ड्रमों में भरा हुआ 2000 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया, जिसे नियमानुसार विधिवत नष्ट किया गया। इसके साथ ही 25 लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची शराब भी बरामद की गई। इस कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(च) के तहत कुल 03 प्रकरण दर्ज किए गए। उक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक एवं वृत्त प्रभारी श्री नरेंद्र नागेश, आबकारी मुख्य आरक्षक श्री लक्ष्मीचंद तथा आबकारी आरक्षक सुश्री सोनाली बरकड़े उपस्थित थीं।

## शहीद मेजर अमित ठेंगे होना चाहिए आज युवाओं के रोल मॉडल : कलेक्टर

छिंदवाड़ा। शहीद मेजर अमित ठेंगे स्मृति समिति, छिंदवाड़ा द्वारा आयोजित "छात्र-छात्रा प्रतिभा सम्मान एवं अलंकरण समारोह 2026 का आयोजन शहीद मेजर अमित ठेंगे के शहीद दिवस 13 जुलाई दिनसोमवार को होटल देव इंटरनेशनल, वी.आई.पी. रोड, छिंदवाड़ा में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि "कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हरेन्द्र नारायण, आईएएस" ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा और परिश्रम ही सफलता की वास्तविक पहचान हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता "पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय, भा.पु.से." ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया तथा अभिभावकों और शिक्षकों के योगदान की सराहना की।समारोह में विशिष्ट अतिथि राजा शंकरशाह विश्व विद्यालय के कुलगुरु प्रो. इन्द्र प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि आज के युवा शहीद मेजर अमित ठेंगेजी से प्रेरणा लेकर कठिन परिश्रम से सत्य के मार्ग पर चलते हुए देश सेवा समाजसेवा करे। कार्यक्रम में एडीएम सुधीर जैन, 24बी बटालियन के विग कमाडेंट कर्नल वेणु, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी देवेंद्र सिंह तोमर ,शिक्षा विद डॉ. विजया यादव,श्रीमती बी अनुराधा नायडू,समाजसेवी पिंकेश पटोरिया जैन सहित शहीद मेजर अमित ठेंगे के पिता श्री मधुकर राव ठेंगे मंचासीन थे।



# 9 वाहनों से की गई 62 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई

### परिवहन विभाग ने की चांद-चौरई क्षेत्र में स्कूल वाहनों की सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर हरेंद्र नारायन के आदेश के परिपालन में सोमवार को अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री अनुराग शुक्ला के निर्देशन में परिवहन विभाग के विशेष जांच दल द्वारा चांद-चौरई क्षेत्र में संचालित स्कूल वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान छोटे-बड़े लगभग 25 वाहनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वाहनों के समस्त दस्तावेज, चालक के ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 20 डीए 0863 (स्कूल बस) बिना परमिट एवं फिटनेस के संचालित पाई गई। इस पर वाहन को जप्त कर थाना चांद परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। वहीं वाहन क्रमांक एमपी 53 टीए 1426 (मैजिक) बिना परमिट, फिटनेस, बीमा एवं पीयूसी के संचालित पाया गया। इस पर मौके पर ही 23000 रुपये की चालानी कार्रवाई कर वाहन को मुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त दस्तावेजों एवं अन्य कमियां पाए जाने पर मोटरयान अधिनियम के तहत 09 अन्य वाहनों पर भी चालानी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से कुल 62000 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

परिवहन विभाग ने स्कूल वाहन संचालकों एवं चालकों को समझाइश दी कि वे मोटरयान अधिनियम, 1988 के प्रावधानों का पालन करते हुए ही वाहनों का संचालन करें। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम बामड़ी में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश



छिन्दवाड़ा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के मार्गदर्शन एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती ललिता धुर्वे के नेतृत्व में नवांकुर सतपुड़ांचल जनकल्याण समिति द्वारा जिले के विकासखंड तामिया के ग्राम बामड़ी में आज पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परामर्शदाता श्री महेन्द्र यादव की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर ग्रामीणजनों को अपने-अपने घरों एवं खेतों में अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में परामर्शदाता श्री महेन्द्र यादव, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बामड़ी के श्री मनीराम भारती, श्री अनिल विश्वकर्मा, श्री प्रेमकुमार इनवाती, श्री रमेश भलावी, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्रा कृष्णा विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

छिंदवाड़ाः गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन (जीएसयू) जिला छिंदवाड़ा द्वारा गगन भलावी राष्ट्रीय विधिक सलाहकार एवं प्रदेश अध्यक्ष निकलेश शाह उइके के नेतृत्व में और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष धनपाल धुर्वे, युवा मोर्चा अध्यक्ष मिथुन धुर्वे आज छात्रों एवं युवाओं की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी छिंदवाड़ा के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव तथा जनजातीय कार्य विभाग के आयुक्त के नाम 12 सूत्रीय मांगों का विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश के आदिवासी, दलित, पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, आवास भत्ता, भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितता, पेपर लीक, शिक्षकों की कमी, जर्जर शैक्षणिक भवनों तथा आदिवासी छात्रावासों में अव्यवस्थाओं जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# सांदीपनि विद्यालय में बस संचालन पर गहराया संकट

### पालकों का फूटा गुस्सा, विधायक ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



शासकीय सांदीपनि विद्यालय के नवीन भवन में स्थानांतरण के बाद से ही छात्रों के आवागमन के लिए बस सेवा को लेकर पालकों का आक्रोश चरम पर है। सरकार की ओर से सांदीपनी स्कूल में बसों का परिवहन नहीं करने के चलते वर्तमान में परिवहन व्यवस्था पालक संघ के द्वारा की जा रही है।

सोमवार को आयोजित पालक-शिक्षक बैठक में पालकों ने बस संचालन में बरती जा रही लापरवाही और फीस के भारी बोझ को लेकर स्कूल प्रबंधन पालक संघ के पदाधिकारी को को आड़े हाथों लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में 1750 बच्चे का पंजीयन है। वही लगभग 1200 से अधिक बच्चों का आवागमन किराया वाहनों से होता है।

बैठक में उपस्थित पालकों ने बस संचालन व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। पालकों का कहना है कि वर्तमान में जो बसें छात्रों के लिए संचालित हो रही हैं, वे पूरी तरह से अनफिट और कंडम हैं। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का उल्लंघन करते हुए इन बसों में न तो सीसीटीवी कैमरे हैं, न मेडिकल बॉक्स और न ही महिला कंडक्टर की नियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त, बसों में क्षमता से अधिक छात्रों को ठूस-ठूस कर भरा जा रहा है, जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। नगर से 2 किमी दूर स्थित विद्यालय तक पहुँचने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मासूम बच्चों को रोजाना कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है, जो अब पालकों के लिए आर्थिक और मानसिक तनाव का कारण बन गया है।

पालक अश्विन तादुलकर ने चर्चा के दौरान बताया गाइडलाइंस के अनुसार बसो का संचालन नही हो रहा है। भविष्य में किसी प्रकार की बस दुर्घटना हुई तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा स्कूल प्रबंधन प्रशासन या फिर पालक संघ, यह साफ होना चाहिए।

#### स्कूल प्रबंधन ने जिम्मेदारी से झाड़ा पल्ला

दूसरी ओर स्कूल प्रबंधन का रुख बेहद निराशाजनक रहा। प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा ने बस संचालन की जिम्मेदारी लेने से स्पष्ट इनकार करते हुए कहा कि प्रवेश के समय ही पालकों को स्थिति स्पष्ट कर दी गई थी। प्रबंधन का तर्क है कि जिला प्रशासन द्वारा टेंडर प्रक्रिया की गई थी, लेकिन किसी भी बस एजेंसी ने इसमें रुचि नहीं दिखाई। ऐसे में बस का जिम्मा सीधे पालकों पर ही है।

#### विधायक ने विधानसभा में आवाज उठाने का लिया संकल्प

बैठक में शामिल हुए विधायक विजय चौरे ने पालकों का समर्थन करते हुए कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि स्कूल तो स्थानांतरित कर दिया गया, लेकिन छात्रों के लिए शासन द्वारा घोषित निशुल्क परिवहन सुविधा शुरू नहीं हो सकी।विधायक ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा, ₹मैंने यह मुद्दा पूर्व में भी विधानसभा में उठाया था और आने वाले सत्र में इसे फिर से पूरी मजबूती के साथ रखूँगा।

## पदयात्रा के दौरान सांसद ने सभी पदयात्रियों का किया सम्मान

# सांसद ने दृढ़ संकल्प के साथ मैहर तक पूरी की धार्मिक पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने दृढ़ संकल्प के साथ में छिंदवाड़ा से मैहर तक की 375 किमी की धार्मिक पदयात्रा पुरी कर ली है। सांसद आज 14 जुलाई को मैहर के माँ शारदा के पावन दर्शन एवं विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए माथा टेककर अपने संसदीय क्षेत्र, प्रदेश और समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की मंगलकामना और अच्छी बारिश की प्रार्थना भी करेंगे। सांसद बंटी विवेक साहू की छिंदवाड़ा से 1 जुलाई से प्रारंभ हुई आस्था, श्रद्धा और जनसेवा की यह छिंदवाड़ा से मैहर तक की धार्मिक पदयात्रा अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुकी है। सांसद बंटी विवेक साहू का पदयात्रा के मार्ग में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, मैहर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी, मैहर के भाजपा मंडल अध्यक्षों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने भव्य स्वागत और अभिनंदन भी किया। इस दौरान राजना पांढुर्णा आश्रम के प्रमुख विवेकजी महाराज प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू ने पिछले 13 दिनों में छिंदवाड़ा से मैहर तक पैदल चलकर अपनी धार्मिक पदयात्रा पुरी की है। इस दौरान उन्होंने 13 जुलाई की देर शाम तक छिन्दवाड़ा, सिवनी, जबलपुर और कटनी होते हुए मैहर में प्रवेष कर लिया है। पदयात्रा के अंतिम दिन सांसद बंटी विवेक साहू ने सभी पदयात्रियों को मां शारदा की फोटो देकर और चुनरी उड़ाकर सम्मान भी किया। सांसद बंटी विवेक साहू और सैकड़ों पदयात्री धार्मिक पदयात्रा के अंतिम दिन 13 जुलाई की देर शाम मैहर पहुंच गए है।

#### आज सांसद मां शारदा धाम में टेकेंगे माथा

सांसद बंटी विवेक साहू की 14 दिवसीय धार्मिक पदयात्रा छिंदवाड़ा, सिवनी, जबलपुर और कटनी के बाद अब मैहर गई है। सांसद बंटी विवेक साहू आज 14 जुलाई को राजना पांढुर्णा आश्रम के प्रमुख विवेकजी महाराज की प्रमुख मौजुदगी में मैहर में माँ शारदा के पावन दर्शन एवं विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए माथा टेककर अपने संसदीय क्षेत्र, प्रदेश और समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की मंगलकामना और अच्छी बारिश की प्रार्थना भी करेंगे। 14 दिवसीय धार्मिक पदयात्रा के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू प्रतिदिन सुबह और देर शाम को पदयात्रा की सफलता की कामना के साथ में मां शारदा की पूजा अर्चना व आरती के साथ धार्मिक पदयात्रा की शुरूआत और संपन्न करते थे। इस दौरान वे पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पदयात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों वनविभाग एवं आमजनों के सहयोग से पौधे रोपित भी करते रहे।

# मध्यान्ह भोजन के लिए बर्तन खरीदी में अधिकारियों का दलालों को अघोषित संरक्षण

## जनपद पंचायत के प्रतिनिधि बीआरसी, बीएससी हस्ताक्षर बगैर हो रहा भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

जनपद शिक्षा केंद्र तामिया के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन (मिड-डे मील) के लिए बर्तनों की खरीदी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

आरोप हैं कि पिछले लगभग 10 वर्षों से स्कूलों में दैनिक उपयोग के बर्तनों की खरीदी के लिए छात्र संख्या के आधार पर प्रत्येक विद्यालय के खाते में लगभग 5 हजार से 15 हजार रुपये तक की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। इस राशि से स्व-सहायता समूहों एवं स्कूल प्रबंधन समितियों को आवश्यकता अनुसार टब, कढ़ाई, बर्तन स्टैंड, एल्यूमिनियम गंजा, पटा, बेलन, तसला, चम्मच, स्टील गंजा, प्लेट, गिलास, पानी का ड्रम, झारा, जग सहित अन्य सामग्री खरीदनी थी।जानकारी के अनुसार लगभग 210 स्व-सहायता समूहों एवं विद्यालयों में 20 लाख रुपये से अधिक की लागत से बर्तनों की खरीदी की गई। आरोप है कि इस प्रक्रिया में कुछ बिचौलियों ने अधिकारियों के संरक्षण में मनमाने दामों पर बर्तन सप्लाई कर दिए। इससे खरीदी की पारदर्शिता और बर्तनों की गुणवत्ता दोनों पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि छोटी-छोटी खरीदी में भी कमीशनखोरी के कारण निम्न गुणवत्ता की सामग्री उपलब्ध कराई गई। सूत्रों के अनुसार खरीदे गए बर्तनों का सत्यापन पंचायत जनप्रतिनिधियों और विकासखंड स्रोत समन्वयक (बीएससी) द्वारा प्रमाणित कर बीआरसी कार्यालय में उपयोगिता प्रमाण-पत्र (यूसीसी) के साथ जमा किया जाना था। हालांकि कई पंचायत जनप्रतिनिधियों का कहना है कि उन्हें ऐसी किसी खरीदी की जानकारी ही नहीं दी गई और न ही उनसे किसी प्रकार का सत्यापन कराया गया।

यदि यह दावा सही है तो बिना जनप्रतिनिधियों की जानकारी या हस्ताक्षर के यूसीसी जमा होने की आशंका पूरे मामले को और गंभीर बना देती है।अब मांग उठ रही है कि जिला प्रशासन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए। जांच में खरीदे गए बर्तनों का भौतिक सत्यापन, उनकी गुणवत्ता, खरीदी की प्रक्रिया, भुगतान से संबंधित दस्तावेज, संबंधित दुकानों के बिल तथा सामग्री विद्यालयों तक पहुंचने की पूरी श्रृंखला की जांच की जाए। साथ ही जिन समूहों को अभी भुगतान नहीं हुआ है, उनके भुगतान पर जांच पूरी होने तक रोक लगाने की भी मांग की जा रही है।

## डॉ वाशिंगटन बनी प्राध्यापक

**जुन्नारदेव।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी वरिष्ठता सूची क्रम में शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की सह प्राध्यापक डॉक्टर संगीता वाशिंगटन को प्राध्यापक के पद पर पदोन्नति किया गया है पदोन्नति के आधार पर डॉक्टर संगीता वाशिंगटन शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में एकमात्र प्राध्यापक के पद पर पदस्थ अधिकारी है। गौरतलब हो कि डॉ वाशिंगटन जुन्नारदेव नगर में ही जन्म लेकर शिक्षा, दीक्षा ग्रहण करने के उपरांत इसी नगर के महाविद्यालय में पहली नियुक्ति प्राप्त करने के उपरांत प्राध्यापक के पद पर पदोन्नति हुई है। वर्तमान में उच्च शिक्षा विभाग में 34 वर्ष की सेवा पूर्ण हो चुकी है सेवा काल के दौरान उनके द्वारा पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया गया है साथ ही समय-समय पर शासन प्रशासन द्वारा जारी योग्यता में भी वह हमेशा खरी उतरी है इसी का नतीजा यह रहा कि उन्हें सह प्राध्यापक से प्राध्यापक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है।

## नागरिक सुरक्षा संगठन का सात दिवसीय आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण सम्पन्न




**छिंदवाड़ा।** आपदाओं के समय क्या करे ओर क्या ना करे की जानकारी देने के लिए सिविल डिफेंस वालेंटियर का सात दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय होमगार्ड परिसर छिंदवाड़ा मे ए डी एम, धीरेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं जिला होमगार्ड कमानडेंट स्नेहलता पाठ्या , सब डिविजन वार्डन श्यामल राव एवं पी सी गणेश धुर्वे की उपस्थिति मे किया गया । इस अवसर पर स्नेहलता पाठ्या ने कहा की जिले मे विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं एवं मानव आधारित आपदाओ से निपटने के लिए एस डी ई आर एफ, टीम को सहयोग प्रदान करने के लिए जिले के सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को सात दिवस का प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया ताकी वे किसी भी आपदा के समय समाज मे आवश्यकता पढ़ने पर अपनी सेवाएं आपदा के समय देकर जान माल के नुकसान को कम करने सहयोग प्रदान करेंगे । प्रशिक्षण. को सफल बनाने मे राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक रविंद्र नाफडे,कार्यक्रम अधिकारी नरेश जोशी, गोतम सहित होमगार्ड के मेजर सिगोतिया, एस डी ई आर एफ के सैनिक सुमित शर्मा, दीपेंद्र वरकड़े, सचिन विशकर्मा अंकित पांडे ,राजा मर्सकोले, प्रवीण धुर्वे, स्पर्श यादव का सराहनीय सहयोग रहा।

## पदोन्नति प्राप्त पुलिसकर्मियों का सम्मान, एसडीओपी ने फित्ती लगाकर दी शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

थाना चौरई में पदोन्नति प्राप्त पुलिसकर्मियों के सम्मान में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर थाना चौरई में पदस्थ चार आरक्षक रवि शंकर बघेल, राजपाल बघेल, राजू भारती और जितेंद्र बघेल तथा महिला आरक्षक शशि जंघेला को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) श्रीमती भारती जाट ने सभी पदोन्नत पुलिसकर्मियों के कंधों पर प्रधान आरक्षक की फित्ती लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पदोन्नति केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि कर्तव्य और जिम्मेदारियों में भी वृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने सभी पदोन्नत प्रधान आरक्षकों से अपेक्षा की कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ अपनी सेवाएं देते हुए जनता का विश्वास बनाए रखें तथा कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।इस अवसर पर थाना स्टाफ ने भी सभी पदोन्नत प्रधान आरक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पदोन्नति प्राप्त पुलिसकर्मियों ने विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे।

## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान का द्वितीय चरण 15 जुलाई से होगा शुरू

### छिंदवाड़ा में अभियान के सफल संचालन के लिए कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा समाज को नशे के अभिशाप से मुक्त करने और युवा पीढ़ी को इसके दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से ₹नशे से दूरी है जरूरी 2.0₹ अभियान का द्वितीय चरण आयोजित किया जा रहा है। यह एक बहुत ही महत्वूर्ण राज्यव्यापी नशामुक्ति जनजागृति अभियान है, जो 15 जुलाई 2026 से प्रारंभ होकर 30 जुलाई 2026 तक पूरे प्रदेश में पूरी सक्रियता के साथ संचालित किया जाएगा।

छिंदवाड़ा जिले में ₹नशे से दूरी है जरूरी 2.0₹ अभियान के द्वितीय चरण के सफल एवं प्रभावी संचालन को लेकर कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डेय की उपस्थिति में सभी विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिसमें अभियान के दौरान राज्य स्तर से निर्धारित दिन - प्रतिदिन की गतिविधियों से अवगत कराते हुए विभागों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए और सभी से सक्रिय सहभागिता की अपील की गई। उल्लेखनीय है कि इस अभियान में पुलिस विभाग के साथ - साथ शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, सामाजिक संगठन, खेल क्लब और स्थानीय नागरिक भी सहभागिता निभाएंगे। बैठक में अभियान के तहत प्रस्तावित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि जनजागरूकता कार्यक्रमों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विशेष गतिविधियों, ग्राम एवं शहरी क्षेत्रों में रैलियों, शपथ ग्रहण कार्यक्रमों तथा विभिन्न माध्यमों से नशामुक्ति का संदेश व्यापक स्तर पर पहुंचाया जाए। सभी संबंधित विभागों को अभियान के निर्धारित कार्यक्रमों का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि जिले में नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़े और अभियान को सफल बनाया जा सके। पुलिस अधीक्षक श्री पाण्डेय ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध मादक पदार्थों की सप्लाई चैन प्रवर्तन, अवैध तंबाकू व ड्रग्स की बिक्री पर रोक एवं नियंत्रण और जन - जन तक नशामुक्ति संदेश पहुंचाकर लोगों को जागरूक करना है। अभियान का शुभारम्भ 15 जुलाई 2026 को किया जाएगा।

## प्रतिभागियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

**छिन्दवाड़ा।** मुख्यालय होमगाड्‌र्स, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 80 सदस्यीय सिविल डिफेंस वालेंटियर्स के 7 दिवसीय प्रशिक्षण का द्वितीय सत्र सोमवार को जिला कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय छिंदवाड़ा परिसर में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सिविल डिफेंस एक्ट-1968, सिविल डिफेंस की 12 सेवाएं, वालेंटियर्स के कर्तव्य एवं जिम्मेदारियां, आपदा प्रबंधन, सर्पदंश प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, इंप्रोवाइज्ड राफ्ट, अग्निशमन उपकरणों का उपयोग, ध्वस्त ढांचे में खोज एवं बचाव, घायलों के प्राथमिक उपचार, सुरक्षित परिवहन तथा आकस्मिक सेवाओं सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत सैद्धांतिक एवं आवश्यक प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के सातवें एवं अंतिम दिवस जिला कमांडेंट श्रीमती स्नेहलता पाठ्या के निर्देशन में प्रशिक्षक श्री गणेश कुमार धुर्वे, प्लाटून कमांडर एवं एसडीईआरएफ टीम द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण संचालित किया गया।





## तमिलनाडु सरकार के पक्ष विपक्ष पर दंडात्मक कार्यवाही की मांग, ज्ञापन सौंपा



**छिंदवाड़ा।** सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के नेतृत्व में विभिन्न धार्मिक एव सामाजिक संगठनों ने महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर तमिलनाडु सरकार पर कार्यवाही की मांग की ज्ञापन में बताया कि 10 मई 2026 को तमिलनाडु में नई सरकार का गठन हुआ । नए मुख्यमंत्री बने विजय थलापति और विपक्ष के नेता बने उदयनिधि स्टालिन । विजय थलापति एक अच्छे फ़िल्मि अभिनेता हैं । इन्होंने जब चुनाव लड़ा तो विजय थलापति के नाम से और जब जीत गए तो तुरंत विजय जोसेफ बन गए । यह धर्मांतरण वाले का नया चहेरा है । 10 मई को विजय थलापति का शपथ ग्रहण समारोह होता हैं विधानसभा में प्रस्ताव पारित होता हैं पक्ष विपक्ष कहते है हम लोगो को सनातन संस्कृति को खत्म करना है । यह बात सभी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने भी प्रसारित की । यह सविधान का घोर अनादर है और देश के 100 करोड़ हिंदुओ के मुंह पर तमाचा है । ज्ञापन देते समय आधुनिक चिंतक हर्षुल रघुवंशी ,राष्ट्रीय बजरंग दल के नितेश साहू , कामठी विहार कालोनी के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई , कुंबी समाज के मार्गदर्शक सुभाष इंगले ,साहू समाज के ओमी साहू ,कलार समाज के बबलू माहोरे ,कुंबी समाज के युवा नेता अंकित ठाकरे ,पवार समाज के प्रमुख हेमराज पटले ,आई टी शेल के प्रभारी भूपेश पहाड़े ,अशोक साहू ( राष्ट्रपति पदक से सम्मानित ) नमो नमो मोर्चा के जिलाध्यक्ष नितिन साहू ओमप्रकाश डहेरिया ,अश्विन पटेल ,गौरीशंकर धारे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# स्कूल की जर्जर छत से गिरा प्लास्टर, 2 छात्राएं घायल





### निकायाधीन होने के चलते नहीं मिल रही सरकारी मदद, खतरे में 350 छात्र-छात्राएं

**कटंगी।** विकास के दावों के बीच शिक्षा के मंदिर भी जर्जर हो चले हैं। इसका ताजा उदाहरण देखने को मिला विकासखंड कटंगी के बम्हनी में संचालित शासकीय बावनथड़ी गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में। सोमवार सुबह साढ़े 11 बजे यहां स्कूल की छत का प्लास्टर गिरने से दो छात्राएं घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह कक्षा नवमी का पीरियड चल रहा था। इसी दौरान अचानक जर्जर छत का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर नीचे गिर पड़ा। मलबा सीधे दो छात्राओं के सिर पर आ गिरा। घटना में नवमी कक्षा की छात्राएं दिव्या शनिचरे और धनश्री चिंदालोरे घायल हो गईं। हादसे के बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। शिक्षकों और अन्य छात्रों ने तत्काल दोनों छात्राओं को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी में भर्ती कराया। दोनों का उपचार जारी है। बता दें स्कूल भवन का निर्माण वर्ष 1987 में हुआ था। तब से आज तक इसका कोई जीर्णोद्धार नहीं हुआ है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह स्कूल निकायाधीन है। निकायाधीन होने की वजह से इसे न तो शिक्षा विभाग से और न ही अन्य किसी योजना के तहत सरकारी सहायता मिल पा रही है। नतीजा इमारत बदहाल है, फर्नीचर टूटे हैं और मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। स्कूल प्रबंधन और पालकों का कहना है कि स्कूल की जर्जर हालत को लेकर अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक को कई बार अवगत कराया गया। लिखित आवेदन भी दिए गए। लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। स्कूल में वर्तमान में कक्षा 9वीं से 12वीं तक कुल 350 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। रोजाना सैकड़ों बच्चे ऐसी जर्जर इमारत में पढ़ने को मजबूर हैं। सोमवार का हादसा इसी लापरवाही का परिणाम है। घटना के बाद पालकों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है अगर समय पर छत की मरम्मत हो जाती तो आज यह नौबत नहीं आती। भगवान का शुक्र है कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि तुरंत स्कूल भवन का निरीक्षण कराकर जर्जर हिस्सों को गिराया जाए और नए भवन का निर्माण कराया जाए। साथ ही घायल छात्राओं के इलाज का पूरा खर्च शासन द्वारा वहन किया जाए। बहरहाल, पढ़ेगा इंडिया तभी, जब स्कूल सुरक्षित होंगे। बम्हनी का यह हादसा सिस्टम के लिए चेतावनी है। 350 बच्चों की जान दांव पर लगाकर कब तक शिक्षा दी जाएगी? अब देखना है कि प्रशासन आंखें बंद रखता है या इस बार ठोस कदम उठाता है।

# अघोषित बिजली कटौती से सांसे गिन रहे ग्रामीण उद्योग

### उद्योगपति बोले - बिजली नहीं, बिल जरूर आता है, रोजगार पर लटकी तलवार'



**कटंगी।** सरकार एक तरफ आत्मनिर्भर भारत और ग्रामीण औद्योगिकीकरण के बड़े-बड़े दावे कर रही है। उद्योगों को सब्सिडी, लोन और जमीन देने की बात हो रही है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। बालाघाट जिले के कटंगी-उमरी क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती ने छोटे-बड़े उद्योगों की कमर तोड़ दी है। आलम ये है कि जो उद्योगपति रोजगार देने के लिए गांव में कारखाना लगाने आए थे, अब वह बोरिया-बिस्तर समेटने की तैयारी में हैं। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के उमरी डिवीजन के अंतर्गत आने वाले भजियापारजड़ में एक बड़ा उद्योग स्थापित हुआ हैं। इसके अलावा यहां आटा चक्की, राइस मिल, फर्नीचर, वेल्डिंग, मुर्गी फीड और जैसे यूनिट यहां चल रही हैं। इन उद्योगों में सीधे तौर पर ग्रामीणों को रोजगार मिला है। अप्रत्यक्ष रूप से ट्रांसपोर्ट, मजदूरी और कच्चा माल सप्लाई से जुड़कर कई परिवारों का घर चल रहा है। लेकिन अघोषित बिजली कटौती ने सब कुछ ठप कर दिया है। भजियापार जड़ में उद्योग संचालित करने वाले उद्योगपति का कहना है, मैंने 1.5 करोड़ लगाकर प्लांट लगाया। सरकार ने कहा गांव में उद्योग लगाओ, रोजगार दो। हमने लगाया। अब हर दिन 2 से 3 घंटे अचानक बिजली गायब हो जाती है। कोई शेड्यूल नहीं, जब लाइट आती है तो वोल्टेज इतना कम कि मशीनें ट्रिप कर जाती हैं। महीने का 30 से 50 हजार का बिल आता है, लेकिन उत्पादन आधा रह गया है। अब बैंक की किस्त कैसे भरें?

उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार 1 घंटे की बिजली कटौती से एक मध्यम उद्योग को औसतन 15 से 25 हजार रुपए का नुकसान होता है। उद्योगपतियों की सबसे बड़ी शिकायत बिल को लेकर है। कटौती के बावजूद बिल कम नहीं हो रहा। पिछले महीने कई दिन तक दिन में 3-3 घंटे कटौती हुई। फिर भी मनमाना बिजली बिल आया। इसके अलावा लो-वोल्टेज की समस्या सबसे बड़ी है। उद्योगों को 440वॉट की जरूरत होती है। लेकिन शाम 6 बजे के बाद वोल्टेज 320-340 पर आ जाता है। इससे मशीनें या तो चलती नहीं या जल जाती हैं। ग्रामीण अंचलों में उद्योग संचालित करने वाले उद्योगपतियों का कहना है कि जब आधारभूत सुविधा बिजली ही नहीं मिलेगी तो उद्योग कैसे चलेंगे? बिजली होगी तो उद्योग होगा, उद्योग होगा तो रोजगार होगा। यह लाइन सरकार के हर ब्रोशर में लिखी है। लेकिन कटंगी-उमरी की हकीकत इसके उलट है। बिजली विभाग और सरकार को तय करना है कि वह फाइलों में उद्योग चाहती है या जमीन पर उद्योग। अगर अभी भी अघोषित कटौती का खेल बंद नहीं हुआ, तो वह दिन दूर नहीं जब ग्रामीण उद्योग सिर्फ इतिहास की किताबों में रह जाएंगे। और तब सवाल उठेगा - करोड़ों का अनुदान देकर उद्योग लगवाए किस लिए थे?

# नाबालिग छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेजा, कारण अज्ञात



**कटंगी।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम खरपड़यिा में सोमवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां कक्षा 11वीं में पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार 13 जुलाई को सुबह करीब 9.45 बजे की है। परिजन कृषि कार्य के लिए खेत गए हुए थे। इसी दौरान छात्रा ने अपने ही घर में फंदा लगाकर जान दे दी। कुछ देर बाद जब परिजन घर लौटे तो उन्होंने छात्रा को फंदे पर लटका देखा।आनन-फानन में परिजनों ने इसकी सूचना तिरोड़ी पुलिस को दी।सूचना मिलते ही तिरोड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और उसे पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल कटंगी भिजवाया है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार तीन चिकित्सकों की टीम दोपहर साढ़े 03 बजे से शव का पोस्टमार्टम किया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।फिलहाल नाबालिग छात्रा द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# साथ रहकर तुम्हारे तुम्हारी ना हो, ऐसी शहजादियों का भरोसा नहीं..

### वैश्य महासम्मेलन द्वारा काव्यमयी आयोजन "अभिव्यंजना" में गूंजी कविताएं..

करेली..नगर की सामाजिक रचनात्मक संस्था वैश्य महासम्मेलन एवं करेली सिंगिंग ग्रुप बीसी परिवार करेली के द्वारा गत रविवार को एक काव्यमयी शाम "अभिव्यंजना" का आयोजन नगर के बीएसएल पब्लिक स्कूल सभागार में आयोजित किया गया। इस साहित्यिक आयोजन में जहां गीत गजल कविताओं की प्रस्तुति से माहौल में चार चांद लगे तो वहीं लखनऊ उत्तर प्रदेश से पधारी मधुर स्वर की धनी सुश्री हेमा पांडे के गीत गजलों ने ऐसा समां बांधा कि लोग तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। उन्होंने कहा कि 'प्रेम के पंथ पर मैं चलूं , तुम चलो..मैं ढलूं तुममें और तुम भी मुझमें ढलो..वर्तिका मैं बनूंगी तुम्हारे लिए, मेरे खातिर अगर दीप बनकर तुम जलो.. गीत ग़ज़ल सुनाकर खूब माहौल बनाया। जिले के युवा कवि व हास्यविधा में निपुण, सोशल मीडिया पर सर्वाधिक लोकप्रिय कवि विकास बैरागी गुरु ने अपने हास्यमयी अंदाज से कहा कि 'रील बन रही चौबीस घंटे, नहीं कर रही काम, चलाती दिनभर इंस्टाग्राम सहित हास्य मुक्तको छंदों व महादेव स्त्रोतम..जिनके ध्यान मात्र से पूरे होते काम है, ऐसे नीलकंठ योगी को मेरा प्रणाम है..के माध्यम से श्रोताओं के दिलों को गुदगुदाया तो वही रोहित सेन ने अपने ओजस्वी तेवर से छंदों की प्रस्तुति देकर खूब श्रोताओं के दिलों में फूल खिलाए। नगर के युवा शायर अंशुल नादान ने भी अपनी शायरी से माहौल बनाया उन्होंने कहा कि 'इन हसीं वादियों का भरोसा नहीं, इतनी आजादियों का भरोसा नहीं, साथ रहकर तुम्हारे तुम्हारी ना हो, ऐसी शहजादियों का भरोसा नहीं..कहकर वर्तमान परिदृश्य को रेखांकित किया। ग्राम मोहद के मिमिक्री आर्टिस्ट रामबल्लभ तिवारी ने अपने बेहद मिमिक्री अंदाज मे अनरव व लोकगीत की प्रस्तुति व रचनाओं की यूं बहार बहाई जिसमे सभी लोगों ने खुशनुमा माहौल में तालिया की कड़कड़हाट के बीच आनंद लेते रहे। पंकज गुप्ता पंकज ने अपनी ग़ज़ल की प्रस्तुति दी तो श्रीमती आभा गुप्ता ने जीवन दर्शन को लेकर अपनी रचना का पाठ किया, श्रीमती सीमा कोहली ने भी बहुत ही सुंदर ग़ज़ल की प्रस्तुति दी तो श्रीमती प्रज्ञा लूनावत ने मां पर रचना सुनाई। कार्यक्रम के पूर्व मां सरस्वती प्रतिमा समक्ष पूजन अर्चन किया गया तदुपरांत सभी कवियों का मोती माला, तिलकाभिनंदन व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व सम्मान वैश्य महासम्मेलन परिवार ने किया। मां वीणावादिनी की सुरमय वंदना हेमा पांडे द्वारा की गई तो वहीं मुक्तकों के जरिए कार्यक्रम का कुशल संयोजन व संचालन अमित जैन संजय ने किया।

## खबर संक्षेप

### यातायात पुलिस सिवनी की बड़ी कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षित यात्रा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

स्कूली समय में शहर के विभिन्न मार्गों, चौराहों एवं स्कूलों के आसपास सघन चेकिंग की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की गई। 1. स्कूल बसों पर कार्रवाई नियमों का उल्लंघन करने वाली 04 स्कूल बसों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 11,000 का जुर्माना अधिरोपित किया गया। 2. ऑटो चालकों पर कार्रवाई स्कूली बच्चों को क्षमता से अधिक बैठाकर ओवरलोडिंग करने वाले 44 ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने पर इनसे कुल 26,400 का समन शुल्क वसूला गया।

### 15 जुलाई तक शासकीय महाविद्यालय बरघाट में प्रवेश मेला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासन के निर्देशानुसार अतिरिक्त सीएलसी (ष्टरुष्ट) राउंड के अंतर्गत 08 से 15 जुलाई 2026 तक शासकीय महाविद्यालय बरघाट में प्रवेश मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले का उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोडऩा तथा महाविद्यालय में रिक्त सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित करना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.एल. इनवाती के मार्गदर्शन में आयोजित प्रवेश मेले में विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, विषय चयन, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति, ई-प्रवेश पोर्टल, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया।

### मेगा ओपन कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 15 जुलाई को

**सिवनी।** सतपुड़ा प्रा. आईटीआई नागपुर रोड़ सिवनी द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय ओपन मेगा कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन 15 जुलाई को सुबह 10 बजे से संस्थान परिसर सतपुड़ा आईटीआई मे किया जायेगा। प्राचार्य प्रदीप पंचबुद्धे जी ने बताया की देश की जानी मानी कंपनी रूक्रस्न टायर्स,टाटा मोटर्स, किआ प्रा. लिमिटेड,बजाज ऑटो लिमिटेड द्वारा यह कैम्पस किया जा रहा है जिसमे विभिन्न योग्यता वाले 10,12वी, बीएससी, बीए, आईटीआई, पोलिटेक्निक उत्तीर्ण योग्यता वाले अभ्यार्थी भाग ले सकते है ।

# उप तहसील उगली में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई, 1500 रुपये की रिश्वत लेते बाबू-कम-कोटवार रंगे हाथ गिरफ्तार

## केस खत्म कराने के एवज में मांगी थी रिश्वत, जबलपुर लोकायुक्त टीम ने की कार्रवाई

**भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जबलपुर लोकायुक्त टीम ने सिवनी जिले के उप तहसील उगली कार्यालय में कार्रवाई करते हुए एक बाबू-कम-कोटवार को 1500 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

लोकायुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश एवं पुलिस उप महानिरीक्षक लोकायुक्त मनोज सिंह के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई में ग्राम पौड़ी निवासी एवं उप तहसील उगली में बाबू का कार्य कर रहे कोटवार कमलेश गनवीर को रिश्वत लेते पकड़ा गया।

बताया गया कि आवेदिका रीना ठाकरे पति गौरी शंकर ठाकरे, निवासी ग्राम सुरेखा खुर्द, पोस्ट जेवनारा, तहसील केवलारी जिला सिवनी का पड़ोसी से विवाद हुआ था। इस मामले में थाना उगली पुलिस द्वारा आवेदिका एवं उसके परिवार के सदस्यों के विरुद्ध धारा 126(बी), 135(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर प्रकरण उप तहसील कार्यालय उगली में प्रस्तुत किया गया था।



आरोप है कि इस प्रकरण को समाप्त कराने के एवज में आरोपी कमलेश गनवीर द्वारा आवेदिका से 3000 रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी। आवेदिका ने इसकी शिकायत लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय जबलपुर में की। शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा 1500 रुपये की रिश्वत मांगना पाया गया।

इसके बाद लोकायुक्त टीम ने योजना बनाकर 13 जुलाई 2026 को उप तहसील उगली कार्यालय में कार्रवाई करते हुए आरोपी कमलेश गनवीर को 1500 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

लोकायुक्त पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की धारा 7, 13(1)(बी) एवं 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कार्रवाई में शामिल दल

जबलपुर लोकायुक्त की ट्रेप टीम में निरीक्षक रेखा प्रजापति, निरीक्षक शशिकला मसकोले सहित लोकायुक्त जबलपुर का दल शामिल रहा। लोकायुक्त संगठन ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई शासकीय अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है तो इसकी सूचना लोकायुक्त कार्यालय को देकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध सहयोग करें।

# न्यायालय परिसर में हुडदंग मचाने वाली बुलेट पर कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

### मॉडीफाइड सायलेंसर जप्त, 1000 का समन शुल्क वसूला गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशों के पालन में तेज आवाज एवं मॉडीफाइड सायलेंसर वाले वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला न्यायालय सिवनी परिसर के पास बुलेट मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 22एमपी 6367 का चालक तेज आवाज वाले सायलेंसर का उपयोग कर हुडदंग मचाते हुए पाया गया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर वाहन को रोककर उसे थाना लाया गया। जांच में वाहन में अवैध रूप से लगा हुआ मॉडीफाइड सायलेंसर पाया गया।



बुलेट चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 119/190(2) के तहत चालानी कार्रवाई की गई। मौके पर 1000 का समन शुल्क वसूल किया गया तथा मॉडीफाइड सायलेंसर को जप्त कर चालक को भविष्य में इस प्रकार का कृत्य न दोहराने की कड़ी हिदायत दी गई। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी दिनांक 03/07/2026 को एक अन्य बुलेट मोटर सायकिल पर चालानी कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त किया जा चुका है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# बैटरियों से भरे ट्रक में अचानक लगी आग

**सिवनी जिले के नेशनल हाईवे-44 पर कुरई थाना क्षेत्र के ग्राम मोहगांव में रविवार रात करीब 9 बजे एक बड़ा हादसा टल गया। इलेक्ट्रिक वाहनों में उपयोग होने वाली बैटरियों से भरे एक ट्रक में अचानक आग लग गई।**

**सिवनी।** आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बैटरियों के फटने से धमाकों के साथ चिंगारियां उठने लगी।

सूचना मिलते ही कुरई पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे पास स्थित पेट्रोल पंप तक आग नहीं पहुंची।

### नोएडा जा रहा था वाहन

जानकारी के अनुसार, वाहन क्रमांक पी -16 क्यूटी-3397 चेन्नई से नोएडा की ओर जा रहा था। ट्रक चालक राम सिंह यादव (43), निवासी ग्राम औरैया, थाना पट्टी, जिला प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश), मोहगांव में सडक़ किनारे वाहन खड़ा कर भोजन करने गए थे। इसी दौरान ट्रक में अचानक आग भडक़ उठी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और प्रारंभिक स्तर पर आग बुझाने का प्रयास भी किया।



सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कृपाल साह तेकाम पुलिस बल और डायल-112 के साथ मौके पर पहुंचे। सिवनी से दो फायर ब्रिगेड वाहनों को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, आग बुझने के बाद भी ट्रक में रखी इलेक्ट्रिक कारों में उपयोग होने वाली आठ बैटरियों की प्लेटें अत्यधिक गर्म बनी रहीं, जिससे बार-बार धुआं और लपटें उठती रहीं। इसके चलतेपुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम देर रात तक मौके पर निगरानी करती रही, ताकि दोबारा आग न भडक़ सके।

### तकनीकी पहलू से होगी जांच

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तकनीकी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि लिथियम आधारित बैटरियों में आग लगने की स्थिति सामान्य आग की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण होती है, क्योंकि इनके दोबारा सुलगने की आशंका बनी रहती है। राहत की बात यह रही किइस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और समय पर किए गए बचाव कार्य से एक संभावित बड़ी दुर्घटना टल गई।

# तुमसर के जुआरियों द्वारा पिपरवानी में खिलाया जा रहा अवैध जुआ!

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरवानी में कथित रूप से अवैध जुए का खेल संचालित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि महाराष्ट्र के तुमसर क्षेत्र से आने वाले कुछ लोगों द्वारा यहां जुआ फड़ लगाया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर दांव लगा रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार लंबे समय से चल रही इस कथित गतिविधि से क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि जुए के कारण युवा वर्ग भी इसकी चपेट में आ रहा है और कई परिवारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि खुलेआम चल रही इस गतिविधि पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से संचालकों के हौसले बढ़े हुए हैं। ग्रामीणों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध जुआ संचालित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।




हालांकि लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले में जांच कर क्या कदम उठाता है। क्षेत्रवासियों की नजरें वरिष्ठ अधिकारियों की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# जिला कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने गनेश भगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस संगठन के विभिन्न विभाग एवं प्रकोष्ठो में युवाओं को जोडक़र उन्हें उचित सम्मान देने एवं पार्टी की मजबूती के लिए प्रदेश कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ की अध्यक्षा सुश्री नेहापालीवाल के निर्देशन पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी की अनुशंसा से जिला कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष गनेश भगत को नियुक्त किया गया है। भगत द्वारा जिला कार्यकारणी घोषित की गई जो इस प्रकार है। जिला उपाध्यक्ष खुशाल बघेल, सलमान खान, श्याम बोपचे, विकास सूर्यवंशी, राजेन्द्र राहंगडाले। जिला महासचिव अखलेश, विशाल बघेल, सौरभ बघेल, कार्तिक राय, प्रदीप उइके, अमन कुरैशी, पुरेन्द्र राने, अरूण हरदे, अंकित ठाकुर, इंद्रकुमार गुलाही, देवी कसराम, राजेश भलावी, विनोद अहिरवार, अवनीश बिसेन, दिनेश पटले, विनोद मरावी, विशांत काकोडिया, अंकित साहू, मनोज राहंगडाले, तरूण गोडुन्डे, अंकित साहू, मोहित बघेल, गंगेश तेकाम, सुश्री शबाना खान की नियुक्ति की गई है।



जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में जिला बेरोजगार कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी जी की गरिमामयी उपस्थिति में नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए साथ ही समस्त पदाधिकारियों से केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी देश एवं प्रदेश में तेजी से बढ़ रही है बेरोजगारों रोजगार दिलाने के लिए निरंतर संघर्ष करने को कहा गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दुपेन्द्र लकी अमूले, जिला कांग्रेस सचिराहुल उइके, वरिष्ठ कांग्रेसी धुरवनारायण चैधरी, सतेन्द्र बघेल उपस्थित रहें।

# अरी प्राथमिक शिक्षिका लकी बिसेन की नियुक्ति संदेह के घेरे में

**लकी बिसेन की नियुक्ति सन 2013 में प्राथमिक शिक्षक के रूप में विदिशा में की गई थी । इनके द्वारा नियुक्ति से संबंधित दस्तावेजों में अनुभव प्रमाण पत्र हो या फिर b.ed पत्राचार का प्रमाण पत्र हो लगाए गए हैं जो संदेह के घेरे में हैं। इसकी शिकायत दिलीप यादव द्वारा आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल को लिखित में की गई है उक्त शिक्षिका वर्तमान में भोपाल में माध्यमिक शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रही हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रः-लकी बिसेन पिता जीतसिंह बिसेन द्वारा फॉर्म के साथ सरस्वती शाला अरी का अनुभव प्रमाण पत्र लगाया गया था जिसकी जानकारी शाला के प्रधानाचार्य को लगी तो उन्होंने इस आशय की शिकायत पुलिस थाना अरी में की शाला के प्रधानाचार्य निरंजन पटेल ने बताया कि अशोक पटले लकी बिसेन के पति हैं उनके द्वारा फर्जी सील बनवाकर फर्जी हस्ताक्षर कर अनुभव प्रमाण पत्र जारी किया गया था जबकि मेरी शाला बंद हो चुकी थी मेरे द्वारा संज्ञान में आने पर मैंने इस आशय की शिकायत थानाअरीमें दर्ज कराई थी। तब अशोक पटले के द्वारा मुझे प्रलोभन देते हुए समझने का प्रयास किया गया मैंने साफ मना करने पर थाना प्रभारी की समझाइश पर अनुभव प्रमाण पत्र को हटाकर दूसरा प्रमाण पत्र लगाने की बात कही गई। अशोक पटले के द्वारा कार्यालय युवा शिक्षण प्रसारक समिति कोसमी बरघाट का अनुभव प्रमाण पत्र लगाया गया जो निश्चित ही जांच का विषय है। एक ही तारीख में दो दो जगह उपस्थितः-लकी बिसेन की एक साथ दो जगह उपस्थित संदेह के घेरे में है इसकी जांच पड़ताल करने पर पता चला कि लकी बिसेन पिता जीतसिंह बिसेन की उपस्थिति डी एड पत्राचार केवलारी में 2 जून 2009 से पूरे माह है की उपस्थिति रजिस्टर में हाजिरी दर्ज है साथ ही लकी बिसेन के हस्ताक्षर भी हैं। ठीक इसी महिना एवं सन 2009 की तारीख में जून 3 ,4 ,7 ,8 एवं 9 तारीख को जल उपभोक्ता संस्था उसरी में भी उनकी उपस्थिति पाई गई जिसकी मजदूरी का भुगतान संस्था के मास्टर रोल क्रमांक 6 5 5 1 6 9 सरल क्रमांक 7 पर लकी पति अशोक पटले को खाता क्रमांक 801 सेंट्रल बैंक शाकाहारी में 455 रुपए का भुगतान किया जाना पाया गया है

गलत दस्तावेजों के आधार पर लकी बिसेन की नियुक्ति फर्जी प्रतीत होती है आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल को शिकायत कर जांच की मांग की गई है साथ ही फर्जी नियुक्ति पर जेल भेजने की मांग के साथ वेतन की वसूली की भी मांग की गई है।

# 01 जून से अब तक जिले में 270.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले में मानसून की सक्रियता लगातार बनी हुई है। 01 जून से 13 जुलाई 2026 तक जिले में कुल 270.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार 01 जून से अब तक की संचयी वर्षा में बरघाट 351.5 मिमी के साथ जिले में सबसे आगे है। इसके बाद लखनादौन में 331.3 मिमी, केवलारी में 320.8 मिमी, सिवनी में 315.0 मिमी, कुरई में 234.0 मिमी, छपारा में 216.1 मिमी, धनौरा में 225.5 मिमी तथा घंसौर में 169.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

वर्ष 2025 में 01 जून से 13 जुलाई तक 547.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी, जबकि इस वर्ष यह आंकड़ा 270.4 मिमी है। पिछले वर्ष तहसीलवार वर्षा में सिवनी में 518.0 मिमी, कुरई में 262.0 मिमी, बरघाट में 337.9 मिमी, केवलारी में 635.6 मिमी, छपारा में 608.5 मिमी, लखनादौन में 514.1 मिमी, धनौरा में 567.9 मिमी तथा घंसौर में 939.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

बिसेन मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल
उत्तम चिकित्सा, बेहतर जीवन
जांच
• सी.टी. स्कैन • एम.आर.आई.
• डिजिटल एक्स-रे • पैथोलॉजी • T.M.T.
• 2-D इको (E.C.G.) • ई.ई.जी.
जनरल मेडिसिन
• डायबिटीज (शुगर) • हृदय रोग
• हाई ब्लड प्रेशर • थायराइड, लीवर
• किडनी • हड्डी एवं जोड़ रोग • न्यूरोलॉजी
• स्त्री रोग एवं प्रसूति सेवा • बाल रोग
• त्वचा रोग
24 घंटे 7 दिन ICU सुविधा उपलब्ध
विशेषज्ञ डॉक्टर:- डॉ. जागृति बिसेन (मेडिसिन), डॉ. लोकेश बिसेन (जनरल सर्जरी), डॉ. अविनाश कांबले (ऑर्थोपेडिक), डॉ. अन्या वर्मा (स्त्री रोग एवं प्रसूति), डॉ. अभिषेक गाधिया (बाल रोग), डॉ. पुलदेश बघेल (एनेस्थेसिया)
संपर्क करें : 6266248010, 9174594814 पता : बावरिया रोड 12 पत्थर, जिला सिवनी (म.प्र.)

मठ कन्या विद्यालय में मिशन शक्ति अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# छात्राओं को साइबर सुरक्षा एवं महिला सहायता सेवाओं की दी जानकारी

**कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मनोज लारोकर के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति अंतर्गत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन योजना के तहत जिले में लगातार जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इसी क्रम में सोमवार को मठ कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिवनी में प्रशासक सुश्री ईशा बाल्मीक के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर श्रीमती वर्षा बैंस ने छात्राओं को वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली, उपलब्ध सेवाओं तथा महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 112 एवं 1930 की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर प्रकाश डालते हुए ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय भी बताए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल शिकायत करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान शहरी परियोजना कार्यालय की पर्यवेक्षक श्रीमती कविता दुबे एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा छात्राओं को संतुलित आहार, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया।

इस अवसर पर पर्यवेक्षक श्रीमती भाविका वासनिक, श्रीमती प्रभावती बनवाले, श्रीमती चंद्रकांता भलावी, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती आभा सिंह, विद्यालय का समस्त स्टाफ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, पोषण एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं के प्रति जागरूक बनाना रहा।

# फार्मर रजिस्ट्रेशन एवं आईडी सीडिंग के लिए जिले में लगाए जा रहे विशेष शिविर

### कलेक्टर ने किसानों से शिविरों में पहुंचकर पंजीयन कराने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से एग्रीस्टेक पोर्टल पर फार्मर रजिस्ट्रेशन एवं आईडी सीडिंग का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले की ग्राम पंचायतों में 18 जुलाई 2026 तक विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना द्वारा जारी आदेश के अनुसार अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहायक संचालक कृषि, कृषि विस्तार अधिकारियों, सीएससी सेंटर प्रबंधकों, ग्राम पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों तथा ग्राम पटवारियों सहित संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

इन शिविरों में किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल पर फार्मर रजिस्ट्रेशन, आईडी सीडिंग तथा आवश्यक तकनीकी त्रुटियों का निराकरण किया जा रहा है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावी समन्वय स्थापित कर अभियान को समय-सीमा में सफलतापूर्वक पूर्ण कराया जाए तथा प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने जिले के सभी पात्र किसानों से अपील की है कि वे अपने निकटतम ग्राम पंचायत में आयोजित विशेष शिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचकर एग्रीस्टेक पोर्टल पर अपना फार्मर रजिस्ट्रेशन एवं आईडी सीडिंग अनिवार्य रूप से कराएं। उन्होंने कहा कि समय पर पंजीयन कराने से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

सेक्ट कम्प्यूटर एकेडमी
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय भोपाल (म.प्र. शासन) से सम्बद्ध
शासकीय नौकरियों के लिए एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा अनिवार्य
कोर्स फीस किस्तों में भुगतान की सुविधा
DCA 1 वर्षीय डिप्लोमा 2 सेमेस्टर योग्यता 12 वी (किसी भी विषय में)
PGDCA 1 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा 2 सेमेस्टर योग्यता स्नातक (किसी भी विषय में)
BCA 3 वर्षीय स्नातक डिग्री 6 सेमेस्टर योग्यता 12 वी (किसी भी विषय में)
M.SC. (CS) 2 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री 4 सेमेस्टर योग्यता स्नातक (किसी भी विषय में)
LEARN GREAT SKILLS FOR A BETTER CAREER
प्रवेश प्रारंभ
C++ I JAVA | PYTHON / AD-EXCEL | FULL- STACK
एस.पी. बंगलो रोड, बारापत्थर, सिवनी (म.प्र.) संपर्क: 9183500282, 9183505478, 8821090909, 9993465882

प्रवेश प्रारंभ डी.पी. चतुर्वेदी विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं शिक्षा महाविद्यालय
College Code – P554 बारापत्थर, सिवनी (म.प्र.) NAAC Accredited
पाठ्यक्रम
B.Sc., B.Com., B.A., M.Sc. (Phy, Chem, Maths), M.Com, B.Ed., D.El.Ed., G.N.M.
नोट
Major, Minor, Vocstion, MDC पर कैरियर गाइडेंस
संपर्क 07692.226635, 9479887990, 9098355136, 9752264388, 8770294939, 7746838590

राधिका टाउन फेस 2
बुकिंग प्रारंभ प्लाट उपलब्ध
ओपनिंग दिनांक 16 जून 2026
80%
ज्यारत नाका जिला-सिवनी
9407055151, 9183655151

# कलार समाज की आवश्यक बैठक में प्रिति डोहरे का माइनिंग इंस्पेक्टर बनने पर सम्मान समारोह आयोजित



**किरनापुर।** कलार समाज सामुदायिक भवन किरनापुर में प्रति माह अनुसार इस माह की दूसरे रविवार 12 जुलाई 2026 को दोपहर 1:00 बजे मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इसके साथ ही समाज के लिए बड़े गर्व की बात है टिमकी टोला निवासी श्री यदुनाथ जी डोहरे की सुपुत्री सुश्री प्रीति डोहरे का एमपीपीएससी में माइनिंग अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। उनका सम्मान समारोह भी रखा गया। इस कार्यक्रम में भूपेंद्र धुवारे अध्यक्ष, अशोक मेश्राम उपाध्यक्ष, रमेश पिपरी सचिव, कृष्ण कुमारबावनथड़े संरक्षक, बी आर सोनेकर संरक्षक, आई के सोनवाने संरक्षक, योगेंद्र मेश्राम संरक्षक, अजय सोनवाने पूर्व अध्यक्ष, बुधराम हिरवाने, रूपेंद्र सिरसाज, भीमराम तेलासे ,राम तेलासे, संदीप सिरसाज ,योगेश धुवारे शिवदयाल मलघाटी,लिलेंद्र सेवईवार , बालाघाट से अखिल भारतीय कलार समाज के राष्ट्रीय कार्यकर्ता श्री नरेंद्र धुवारे जी महिलाओं में सीमा मेश्राम अध्यक्ष, लता मलघाटी, मनीषा चोरीवर, देवेश्वरी कावडे , ललिता दोहरे,वेनेश्वरी बारेवार, दीप्ति डोहरे ,सुरभि धुवारे ,भूपेंद्र दवने, जीवनलाल देशमुख, रामकिशन सिरसाज,अशोक हिरवाने ,छगन सोनेकर, दीपक हरदे , भूमेश सोनेकर ,पवन मेश्राम, ललित डहरवाल, आकाश मेश्राम, सुमित डोहरे ,कैलाश चौरागढ़े बालाघाट एवं समस्त सामाजिक जिम्मेदार गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## खबर संक्षेप



### कुटकी उत्पादन को बढ़ावाः गोवारी के किसान यशवंत वरकड़े को वितरित किया गया उन्नत बीज

**बालाघाट।** जिले में मोटे अनाज (श्रीअन्न) के उत्पादन को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में बैहर तहसील के ग्राम गोवारी निवासी कृषक यशवंत वरकड़े को कृषि विभाग की ओर से कुटकी का उन्नत बीज वितरित किया गया।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि किसानों को जलवायु अनुकूल एवं कम लागत वाली फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा किसान यशवंत वरकड़े को कुटकी बीज उपलब्ध कराया गया, ताकि वे खरीफ मौसम में इसकी वैज्ञानिक खेती कर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि कुटकी एक पोषक तत्वों से भरपूर श्रीअन्न फसल है, जिसकी बाजार में लगातार मांग बढ़ रही है। यह कम वर्षा वाले क्षेत्रों में भी अच्छी पैदावार देने वाली फसल है तथा कम लागत में किसानों को बेहतर लाभ दिलाने में सहायक सिद्ध होती है। शासन द्वारा भी श्रीअन्न फसलों के उत्पादन एवं उपभोग को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बीज वितरण के साथ किसान को कुटकी की वैज्ञानिक खेती, बीज उपचार, समय पर बुवाई, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण तथा कीट एवं रोग प्रबंधन संबंधी तकनीकी जानकारी भी प्रदान की। किसानों से अपील की गई कि वे कृषि विभाग के मार्गदर्शन में आधुनिक तकनीकों को अपनाकर श्रीअन्न फसलों का रकबा बढ़ाएं और शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। कृषि विभाग ने विश्वास व्यक्त किया कि उन्नत बीज एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने से जिले में कुटकी उत्पादन में वृद्धि होगी, जिससे किसानों की आय बढ़ने के साथ-साथ पोषण सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी।

श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई संत नामदेव महाराज की पुण्यतिथि

### ‘सामाजिक बंधुओं ने भजन-कीर्तन कर संत के आदर्शों को किया याद’

**कटंगी।** संत शिरोमणि नामदेव महाराज की पुण्यतिथि कटंगी में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सोमवार को दोपहर 1 बजे कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय समाजसेवी राजू नामदेव के निवास स्थान पर किया गया, जिसमें नामदेव समाज के सभी बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मूलचंद अग्रेल ने की। इस अवसर पर संत नामदेव महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें संत नामदेव के भक्ति गीतों और उनके द्वारा दिए गए मानवता और समानता के संदेशों को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि संत नामदेव ने अपने जीवन से समाज को जाति-पाति से ऊपर उठकर ईश्वर भक्ति और कर्म का संदेश दिया।

## सांसद भारती पारधी के प्रयास रंग लाए, बालाघाट में ही संचालित होगा रेंजर कॉलेज





**बालाघाट।** जिले के लिए बड़ी राहत और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में बहुप्रतीक्षित रेंजर कॉलेज अब बालाघाट में ही संचालित होगा। कॉलेज के प्रस्तावित स्थानांतरण पर रोक लगने के बाद सांसद श्रीमती भारती पारधी ने सोमवार को रेंजर कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर वर्ष 2014 के बाद प्रारंभ होने जा रहे नए बैच के प्रशिक्षण की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती पारधी ने रेंजर कॉलेज में पौधारोपण भी किया।

निरीक्षण के दौरान सांसद श्रीमती पारधी ने कॉलेज की अधोसंरचना, विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा आवश्यक प्रशासनिक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रशिक्षण प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण की जाएं, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) श्री गौरव चौधरी, वनमंडलाधिकारी (दक्षिण सामान्य) श्री नित्यानंदम एल, वनमंडलाधिकारी (उत्तर सामान्य) श्री रेशम सिंह धुर्वे सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि रेंजर कॉलेज को जबलपुर स्थानांतरित किए जाने की चर्चाओं के बीच सांसद श्रीमती भारती पारधी ने इस विषय को गंभीरता से उठाते हुए संसद में नियम 377 के अंतर्गत कॉलेज को बालाघाट में ही यथावत संचालित रखने की मांग रखी थी। उनके प्रयासों के बाद केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने संस्थान को बालाघाट में संचालित रखने का सकारात्मक आश्वासन दिया था, जिसके बाद अब कॉलेज का संचालन बालाघाट में ही सुनिश्चित हो गया है। निरीक्षण के दौरान सांसद श्रीमती भारती पारधी ने वन विभाग के अधिकारियों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि रेंजर कॉलेज का बालाघाट में बने रहना जिले के युवाओं और वन शिक्षा के क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संस्थान के सुचारू संचालन, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता और विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। रेंजर कॉलेज के पुनः संचालन से जिले के युवाओं को वन प्रबंधन एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे बालाघाट की शैक्षणिक एवं संस्थागत पहचान को भी नई मजबूती मिलेगी।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान: पहले दिन पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन की दी जानकारी





**बालाघाट।** मध्य प्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तृतीय चरण के प्रथम दिवस सोमवार को विकासखंड बालाघाट के विभिन्न ग्रामों में पशुपालकों से सीधा संवाद कर उन्हें आधुनिक एवं वैज्ञानिक पशुपालन के लिए जागरूक किया गया। विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज पुशाम ने ग्राम कोचेवाड़ा, बुढ़िया गांव एवं अत्री का भ्रमण कर पशुपालकों से संपर्क स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने पशुओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, नस्ल सुधार कार्यक्रम तथा संतुलित पशुपोषण (आहार प्रबंधन) के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियों को अपनाने से पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर रहता है और दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है, जिससे पशुपालकों की आय भी बढ़ती है। अभियान के दौरान श्री अशुल नागोसे, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी, लामता, के साथ गौ सेवक एवं गौ मैत्री भी उपस्थित रहे। टीम ने पशुपालकों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया।

भ्रमण के दौरान ग्राम कोचवाड़ा के सरपंच श्री सुशील कटरे तथा बुढ़िया गांव के सरपंच श्री लखन लाल बघेले से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की गई। इस अवसर पर दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के उद्देश्यों, पशुपालकों के हित में संचालित विभागीय गतिविधियों तथा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। विभाग ने बताया कि अभियान के तहत आगामी दिनों में भी विकासखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर पशुपालकों से सीधा संवाद किया जाएगा तथा उन्हें वैज्ञानिक पशुपालन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## डायरिया रोको अभियान के तहत पांच गांवों में हैंडपंपों का सुधार



### पेयजल स्रोतों का किया गया क्लोरीनीकरण

**बालाघाट।** जिले में संचालित डायरिया रोको अभियान के तहत सोमवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) द्वारा लालबर्रा, लांजी एवं किरनापुर विकासखंड के ग्राम धपेरा, सिर्रा, बड़गांव, साडरा एवं सेवती में पेयजल स्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान पीएचई विभाग की टीम ने गांवों का भ्रमण कर खराब पड़े हैंडपंपों का सुधार कार्य कराया, जिससे ग्रामीणों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही सुधारे गए हैंडपंपों सहित गांव के सभी हैंडपंपों में जर्मेक्स डालकर क्लोरीनीकरण किया गया, ताकि पानी में मौजूद हानिकारक जीवाणुओं का नाश हो सके और जलजनित बीमारियों, विशेषकर डायरिया, के फैलने की आशंका को कम किया जा सके। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वर्षा ऋतु में जल स्रोतों के दूषित होने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में पेयजल स्रोतों का नियमित क्लोरीनीकरण एवं रखरखाव आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जिले में डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत लगातार गांव-गांव पहुंचकर पेयजल स्रोतों को सुरक्षित बनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभाग ने ग्रामीणों से अपील की कि वे हमेशा पानी को छानकर एवं ढककर रखें, स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें तथा डायरिया के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

## शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बालाघाट में तीन दिवसीय एआई फैकल्टी डेवलपमेंट प्रशिक्षण संपन्न






**बालाघाट।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, बालाघाट में 9 से 11 जुलाई 2026 तक Bhartcare एवं IBM के संयुक्त सहयोग से तीन दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) फैकल्टी डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नवीनतम तकनीकों से परिचित कराते हुए शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रशासनिक कार्यों में एआई के प्रभावी और उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग के लिए सक्षम बनाना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री आर. एम. सोनवे सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को जनरेटिव एआई, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, आधुनिक एआई टूल्स तथा उनके व्यावहारिक उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। एआई टेक्नोलॉजी ट्रेनर श्री प्रमेय तिवारी ने लाइव डेमो एवं हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को विभिन्न एआई आधारित अनुप्रयोगों का व्यावहारिक अभ्यास कराया। इस दौरान शिक्षण, मूल्यांकन, कार्यालयीन कार्यों, शैक्षणिक प्रबंधन, कंटेंट निर्माण, प्रस्तुतीकरण, दस्तावेज़ तैयार करने, डेटा विश्लेषण, प्रश्न-पत्र निर्माण तथा शिक्षण सामग्री विकसित करने में एआई के उपयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों में उभरती हुई कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीकों के प्रति जागरूकता एवं तकनीकी दक्षता का विकास हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी श्री शैलेष सिन्हे ने Bhartcare, IBM एवं प्रशिक्षक श्री प्रमेय तिवारी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा डिजिटल शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का ज्ञान प्रत्येक शिक्षक के लिए समय की आवश्यकता बन गया है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की कार्यकुशलता, नवाचार क्षमता और तकनीकी दक्षता को नई दिशा प्रदान करते हैं, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक एवं उद्योगोन्मुखी तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

## डायरिया रोको अभियानः नेवरगांव कला में पेयजल की जांच, स्वच्छता और हाथ धोने के प्रति किया गया जागरूक



**बालाघाट।** जिले में जलजनित बीमारियों की रोकथाम तथा ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा डायरिया रोको अभियान के तहत लगातार जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उइके के निर्देशन में पीएचई विभाग की सहयोगी संस्था नई रोशनी की फील्ड समन्वयक अनुसूया कुथे ने विकासखंड किरनापुर के ग्राम नेवरगांव कला का भ्रमण कर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

अभियान के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूल शिक्षकों, स्कूली विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में फील्ड टेस्ट किट (FTK) के माध्यम से पेयजल स्रोतों के पानी की गुणवत्ता की जांच की गई। इस दौरान पानी की रासायनिक शुद्धता का परीक्षण किया गया तथा ग्रामीणों को स्वयं एफटीके किट का उपयोग कर पानी की जांच करने की विधि भी सिखाई गई, ताकि वे समय-समय पर अपने पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण कर सकें।

स्वच्छता को डायरिया से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय बताते हुए विभागीय टीम ने ग्रामीणों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्कूली बच्चों को हैंड वॉश के छह चरणों का प्रदर्शन कर सही तरीके से हाथ धोने की जानकारी दी। प्रतिभागियों को बताया गया कि भोजन बनाने और खाने से पहले तथा शौच के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ धोने की आदत अपनाकर डायरिया सहित कई जलजनित एवं संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है।अभियान के दौरान ग्रामीणों से हमेशा शुद्ध एवं ढककर रखा गया पानी पीने, पेयजल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की गंदगी दिखाई देने पर तत्काल उसकी सफाई करने की अपील की गई। विभाग ने कहा कि जनभागीदारी और सतर्कता के माध्यम से ही डायरिया जैसी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

